आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 22.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक–अल–कबीर से सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 188 करोड़ 7 लाख रुपये की 74 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार देहरादून को क्लीन और ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में प्रयासरत।
- काबिना मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चमोली जिले में 12 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- और, प्रधानमंत्री कल नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

सर्वोच्च सम्मान

कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक–अल–कबीर से सम्मानित किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री को किसी देश द्वारा दिया गया यह बीसवां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है। ऑर्डर ऑफ मुबारक–अल–कबीर कुवैत की नाईटहुड उपाधि है। यह सम्मान विदेशी राष्ट्राध्यक्षों, शासनाध्यक्षों और विदेशी राजशाही परिवार के सदस्यों को मित्रता के प्रतीक के रूप में दिया जाता है। मंत्रालय ने बताया कि इससे पहले यह सम्मान दो पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और जॉर्ज बुश तथा ग्रेट ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स जैसे विदेशी नेताओं को दिया जा चुका है। इससे पहले कुवैत के अमीर के मुख्य महल बयान पैलेस में प्रधानमंत्री शेख़ अहमद अब्दुल्लाह अल–अहमद अल–सबाह ने श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

सीएम देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के कनक चौक में 188 करोड़ 7 लाख रुपये की 74 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार राज्य के विकास के लिए कई कार्य कर रही है। छात्रों को तकनीक और शोध के प्रति आकर्षित करते हुए श्री धामी ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में साइंस सेंटर खोले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार देहरादून को क्लीन सिटी और ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है जिसके फलस्वरूप देहरादून को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर के 5 शहरों में शामिल किया गया है।

देहरादून को वायु प्रदूषण से मुक्त बनाए रखने के संकल्प के साथ आज मुख्यमंत्री ने जिले के चार स्थानों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों का शुभारंभ किया। वहीं, 7 अन्य स्थानों पर भी इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया गतिमान है।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री

स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज चमोली जिले के पीपलकोटी में 12 करोड़ रुपये से अधिक की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से जिले की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री ने स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय पीपलकोटी का निरीक्षण किया और अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया।

साथ ही उन्होंने पीपलकोटी में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं, जिसके समाधान के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस बीच, डॉ. रावत ने पीपलकोटी में आयोजित बंड विकास मेले में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया।

पीएम रोजगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। ये रोजगार मेला राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं को भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में भर्तियां की जा रही हैं।

उप–राष्ट्रपति

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि कृषि, ग्रामीण विकास की धुरी है और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलता तब तक देश विकसित नहीं बन सकता। नई दिल्ली में आज चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 विजेताओं से बातचीत करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था केवल तभी आगे बढ़ सकती है जब किसान तथा उनके परिवार विपणन, मूल्य संवर्धन में लगे हों और क्लस्टर आत्मनिर्भर बन रहे हों। उप–राष्ट्रपति ने ग्रामीण विकास, किसानों के कल्याण और समावेशी विकास के प्रति चौधरी चरण सिंह के अथक समर्पण को रेखांकित करते हुए उनकी असाधारण विरासत की सराहना की।

फिट इंडिया मूमेंट

फिट इंडिया मूवमेंट के तहत चंपावत जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम छमनियां लोहाघाट में संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत साइकिल रैली निकाली गई। इस अभियान के माध्यम से साई सेंटर के खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों ने साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

साई सेंटर के प्रभारी और कोच मोहन सिंह रावत ने बताया कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत संडे ऑन साइकिलिंग ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। आकाशवाणी से बातचीत में श्री रावत ने कहा कि साइकिलिंग ड्राइव का उद्देश्य हर रविवार को साइकिलिंग को बढ़ावा देना, प्रदूषण कम करना और फिटनेस को बढ़ावा देना है।

नव वर्ष

प्रदेश में नए साल की तैयारियां जोरों पर हैं। मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश समेत अन्य पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन जुटा हुआ है। इसी क्रम में देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि मसूरी में नए साल के जश्न को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने पर्यटकों से यातायात और स्वच्छता के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि क्रिसमस, विंटर कार्निवाल और नए साल के जश्न के लिए हजारों की संख्या में पर्यटक मसूरी पहुंचते हैं। ऐसे में पर्यटकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को चाक–चौबंद करने में लगा हुआ है। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल और होमगार्ड की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। माल रोड समेत अन्य प्रमुख इलाकों में वाहन पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

एफटीआईआई में हुआ चयन

रुद्रप्रयाग जिले के बच्वाड़ गांव के राहुल रावत का पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में चयन हुआ है। राहुल ने एफटीआईआई की प्रवेश परीक्षा के सिनेमेटाग्राफी में ऑल इंडिया स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है।

पौड़ी गढ़वाल के घुड़दौड़ी स्थित गोविंद बल्लभ पंत प्रौद्योगिकी संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले राहुल रावत ने पढ़ाई के दौरान ही कला और फिल्म निर्माण की तरफ अपने कदम

बढ़ा दिए थे। अलग–अलग माध्यमों से जानकारी जुटाने के साथ ही उन्होंने अपने साथी टिहरी जनपद के पट्टी मखलोगी के केमवाल गांव निवासी अमित राणा के साथ थर्ड बटन स्टूडियो का गठन भी किया और कॉलेज स्तर से ही लघु फिल्में बनाने शुरू कर दीं। राहुल और उनके साथी अमित ने अपने इस शौक को कॅरिअर के रूप में लिया और एफटीआईआई में प्रवेश के लिए तैयारी में जुट गए। राहुल ने सिनेमेटोग्राफी और अमित ने एडिटिंग में प्रवेश परीक्षा दी और देशभर में क्रमशः चतुर्थ और नौंवी रैंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने गांव, जनपद का मान बढ़ाया। बल्कि उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। आकाशवाणी समाचार के लिए रुद्रप्रयाग से विनय बहुगुणा।

निकाय चुनाव

निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने नगर पालिका रुद्रप्रयाग सहित तीन नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए तीन–तीन नामों का पैनल तैयार कर दिया है। वहीं, नगर पंचायत गुप्तकाशी में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला के चलते पैनल तैयार नहीं हो पाया है। आगामी निकाय चुनाव को लेकर नगर पालिका रुद्रप्रयाग व नगर पंचायत अगस्त्यमुनि में अध्यक्ष का पद अनारक्षित किया गया है। वहीं, नगर पंचायत गुप्तकाशी में अनुसूचित जाति महिला, तिलवाड़ा में पिछड़ी जाति महिला और ऊखीमठ में महिला आरक्षित किया गया है।